



अण्डमान निकोबार
# द्वीप समाचार






रजि.न.34300 / 80 | संख्या 172 | श्री विजय पुरम, सोमवार, 29 जून 2026 | web: dt.andamannicobar.gov.in | 2.00 रुपए


# 'खेत बचाओ अभियान–2026' : सुभाषग्राम और मधुपुर गांवों में श्रृंखलाबद्ध जागरूकता गतिविधियां चलाई गई

नीम्बूडेरा, 28 जून

'खेत बचाओ अभियान–2026' के तहत आईसीएआर–कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), नीम्बूडेरा द्वारा 25 एवं 26 जून, 2026 को उत्तर व मध्य अण्डमान के डिगलीपुर खंड के सुभाषग्राम तथा मधुपुर गांवों में सतत कृषि पद्धतियों पर जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन यूटी–एटीएमए, कृषि विभाग, अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सतत कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना था, ताकि फसल उत्पादकता में वृद्धि, मृदा स्वास्थ्य का संरक्षण, संसाधनों के उपयोग की दक्षता में सुधार, बाहरी कृषि आदानों पर निर्भरता में कमी तथा किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को सतत कृषि के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक किया गया, जिनमें संतुलित उर्वरक प्रयोग, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का महत्व एवं उसका प्रभावी उपयोग, वर्मी कम्पोस्ट एवं कम्पोस्टिंग के माध्यम से समेकित पोषक तत्व प्रबंधन, जैव उर्वरकों द्वारा बीज उपचार, धान की वैज्ञानिक खेती, समेकित कीट प्रबंधन (आईपीएम) तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना शामिल था।

किसान–विशेषज्ञ संवाद सत्र के दौरान किसानों को अपनी खेती से जुड़े अनुभव, उत्पादन संबंधी समस्याएं तथा फसल उत्पादन में आने वाली चुनौतियां साझा करने का अवसर मिला। विशेषज्ञों ने संसाधनों के कुशल प्रबंधन, समेकित पोषक तत्व एवं कीट प्रबंधन, जलवायु–अनुकूल कृषि पद्धतियों तथा सतत फसल उत्पादन के लिए उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।




प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्यक्रम डॉ. वाई. रामकृष्ण, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी प्रमुख, आईसीएआर–केवीके, नीम्बूडेरा तथा डॉ. जय सुंदर, निदेशक (कार्यवाहक), आईसीएआर–सीआईएआरआई, श्री विजय पुरम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 42 किसानों एवं महिला किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।